हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

4
संकल्प यात्रा में 11 हजार से अधिक का हुआ इलाज



खबर संक्षेप

### बालाजी मंदिर में सप्ताह भर बहेगी भागवत ज्ञान गंगा



**जशपुरनगर।** स्थानीय बालाजी मंदिर में सत्यनारायण नंदे परिवार एवम धर्मजागरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 1 जनवरी तक चलने वाले भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह को प्रातः 9 बजे ढोल नगाड़े के साथ शहर की महिलाएं और भक्त गण ने कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया। इस पूरे भागवत सप्ताह में पंडित बलराम शास्त्री बृंदावन वाले कथा वाचन करेंगे। पहले दिन श्रीमद् भागवत मंगला चरण महात्म्य भक्ति नारद संवाद धुंधकारी मोक्ष परिक्षित का जन्म एवम वन भ्रमण कलियुग का मिलना एवम कलियुग को वरदान प्राप्ति शुक्रदेव आगमन की कथा से शुरुआत होगी।

### अवैध उत्खनन पर की जा रही कार्रवाई

**जशपुरनगर।** जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर नियमित रूप से कार्यवाही करते हुए माह दिसम्बर 2023 में अवैध उत्खनन के 01 प्रकरण, अवैध परिवहन के 5 प्रकरण दर्ज करते हुए 03 प्रकरण में कुल 31,440 रुपए अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। साथ ही शेष 03 प्रकरण में कार्यवाही किया जा रहा है। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अवैध उत्खनन के 06 प्रकरण, अवैध परिवहन के 28 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 01 प्रकरण दर्ज कर कुल 3,51,053 रूपये अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-2023 में अवैध उत्खनन के 22 प्रकरण, अवैध परिवहन के 25 प्रकरण एवं अवैध भण्डारण के 05 प्रकरण दर्ज कर कुल 6,52,255 रूपये अर्थदण्ड व समझौता राशि वसूल की गई है। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण से संबंधित जांच की जा रही है एवं मामले संज्ञान में आने पर अथवा जांच के दौरान अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण होना पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही।

### विद्युत बिल समस्या निवारण शिविर आज से

**जशपुरनगर।** विद्युत विभाग द्वारा जिले में बिजली बिल समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत छ रा वि वि कं संभाग पत्थलगांव के अतंर्गत वितरण केन्द्र तपकरा, फरसाबहार और अंकिरा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में बिजली बिल समस्या निवारण शिविर के लिए 26 दिसंबर 2023 से 22 फरवरी 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि में 28 चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत जामबहार, ग्राम पंचायत घमुरा, ग्राम पंचायत पुराईनबंध, ग्राम पंचायत बांसाझाल, ग्राम पंचायत लावाकेरा, ग्राम पंचायत संडरू, ग्राम पंचायत अमडीहा, ग्राम पंचायत फरसाबहार, ग्राम पंचायत कंदईबहार, ग्राम पंचायत खुटगांव, ग्राम पंचायत बनगांव, ग्राम पंचायत मेण्डबहार, ग्राम पंचायत बोखी, ग्राम पंचायत सहसपुर, ग्राम पंचायत भगोरा, ग्राम पंचायत धौरासांड, ग्राम पंचायत तुबा, ग्राम पंचायत तुमला, ग्राम पंचायत बारो, ग्राम पंचायत सागजोर, ग्राम पंचायत बाबुसाजबहार, ग्राम पंचायत कोल्हेनझरिया, ग्राम पंचायत भेलवा, ग्राम पंचायत गझियांडीह, ग्राम पंचायत माटीपहाड़छर्रा, ग्राम पंचायत कोरंगामाल, ग्राम पंचायत जोरण्डाझरिया और ग्राम पंचायत अंकिराशामिल हैं।

## 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का किया गया भुगतान

# सुशासन दिवस पर धान का बकाया बोनस वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में जिला मुख्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा उपार्जित धान पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया।

- मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन किसानों के खाते में धान बोनस राशि किया हस्तांतरित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद किया और किसानों के खाते में ऑनलाइन जिले के 16240 किसानों को धान बकाया बोनस राशि कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि हस्तांतरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुईं और धान बोनस राशि वितरण होने पर किसान बंधुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत स्वच्छता पखवाड़ा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित की जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसके माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया। प्रदेश सहित जिले में सभी क्षेत्रों में विकास किया जाएगा। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के लिए सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास कार्य किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, पूर्व पर्यटन मंडल के अध्यक्ष कृष्णा राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, जनपद सदस्य श्रीमती शारदा प्रधान, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सत्येंद्र सिंह, विनोद मिश्रा, कृपाशंकर भगत, पदाधिकारी गण, किसान बंधु एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



प्रमाण पत्र वितरण करती विधायक रायमुनी।

### सभी विकासखण्ड में कार्यक्रम आयोजित

जशपुर विकासखंड में कलेक्टोरेट मंत्रणा कक्ष, मनोरा में हाई स्कूल सभागार, बगीचा में एनआरएलएम भवन, कांसाबेल में मंगल भवन, कुनकुरी में जनपद पंचायत सभागार, दुलदुल में मंगल भवन, फरसाबहार में सामुदायिक भवन एवं पत्थलगांव में इंडोर स्टेडियम हाल में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### किसानों को धान बोनस राशि प्रमाण पत्र का किया वितरण

इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती रायमुनि भगत ने अनारथ साय, कश्मीर कुजूर, निकोलस, पुरंदर साय, बंधु राम, बलदेव सिंह, श्री बनेशेवर साव, शिशिर सिंह परमार, सर्वेश्वर सिंह सहित अन्य किसानों को धान बोनस राशि प्रमाण पत्र का वितरण किया और बधाई दी। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षा का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के तहत जिले में कुल 34 करोड़ 88 लख रुपए की राशि का भुगतान किया गया। खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के 8 हजार 64 किसानों को 16 करोड़ 14 लाख एवं 2015-16 के 8 हजार 179 किसानों को 18 करोड़ 75 लाख बोनस का लाभ मिला। इनमें जशपुर विकासखंड के 142 किसानों को 35 लाख, दुलदुला विकासखंड के 403 किसानों को 63 लाख, मनोरा के 264 किसानों को 36, बगीचा के 1147 किसानों को 2 ⏭ शेष पेज 4 पर

## बकाया बोनस का वितरण कर भाजपा ने सच कर दिखाया मोदी की गारंटीः गुप्ता

भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत जो भी वायदे पूरे किये थे,वो सभी पूरे किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ ग्रहण करने के साथ ही,इस दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। कैबिनेट की पहली ही बैठक में 18 लाख से अधिक प्रदेशवासियों को पीएम आवास मिल चुका है। महतारी वंदन योजना, अनुपूरक बजट में शामिल किया जा चुका है। और आज, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त बातें, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनिल गुप्ता ने कही। वे कांसाबेल के मंगल भवन में आयोजित सुशासन दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के सदस्य सालिक साय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गणेश जैन, भूषण वैष्णव, आलोक सारथी, सुदाम पंडा, सूरज साय, केशव पांडे, घनश्याम अग्रवाल, अमित जिंदल, विवेक अग्रवाल, सुभाष चंद्र, हनुमान पारिक, गणेश गुप्ता के साथ हितग्राही किसान, स्थानीय अधिकारी व आमजन शामिल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सुशासन की शुरूआत प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही हो चुकी है। बीते पांच साल में कांग्रेस के कुशासन के दौरान,छत्तीसगढ़ के विकास को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करते हुए, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश, विकास की एक ⏭ शेष पेज 4 पर

- कांसाबेल में 3 करोड़ 69 लाख बोनस का वितरण



अटल विहारी वाजपेयी तैल्य चित्र पर माल्यर्पण करते अतिथि।

## सुशासन दिवस पर किसानों को मिला बड़ा तोहफा

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एक और गारंटी पूर की गई। आज जशपुर जिला सहित पूरे प्रदेश भर के किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया गया। बोनस राशि वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपये के बकाया बोनस राशि का वितरण किया। जिसमें जशपुर जिले के 16240 किसानों को 34 करोड़ 88 लाख की राशि का भुगतान किया गया। वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से सैकड़ों किसान जुड़े हुए थे। कलेक्ट्रेट मंत्रणा कक्ष में कार्यक्रम में अतिथि जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने किसानों को बोनस राशि प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तुरीलोदाम के किसान बलदेव सिंह से बताया कि उन्हें खरीफ वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से कुल 1 लाख 62 हजार 6 सौ रुपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आज बोनस के रूप में प्राप्त राशि का वे कृषि कार्य, परिवार एवं नाती-पोती की शादी-विवाह में लगाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि "मोदी की गारंटी"को सरकार पूरी कर रही है और किसानों के हित में सरकार बड़ा फैसला ले रही। जिससे हम सभी किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा। तुरीलोदाम के बलदेव सिंह मूल रूप से किसान है और खेती-किसानी करके परिवार का जीविकोपार्जन करते है। उन्होंने बताया कि उनका 30 एकड़ से अधिक की जमीन है। जहां वे पूर्ण रूप से खेती-किसानी करते है। उनके परिवार ⏭ शेष पेज 4 पर



किसानों को किया गया प्रमाण पत्र का वितरण।

## सुशासन के लिए भाजपा प्रतिबद्धः गोमती

**पत्थलगांव।** अपने तय कार्यक्रम के तहत विधायक श्रीमती गोमती साय रायगढ़ रोड में राज्य सरकार के स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शारदा मंदिर के पास स्वछता दीदी एवं भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ स्वछता अभियान में भाग लिया।

- पत्थलगांव पहुंची विधायक गोमती साय

इसके बाद नगर पंचायत के वृद्ध जनों का सम्मान समारोह में भाग लिया। सम्मान समारोह में नगरपंचायत क्षेत्र के वृद्ध जनों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही वहां मौजूद पत्रकार आमजन, भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन के अधिकारि कर्मचारियों के बीच सुशासन के लिए एकसाथ शपथ लिया गया। विधायक गोमती साय ने सब के सामने कहते हुए सुशासन के लिए अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज आप सभी के बीच मैं पहुच कर बहुत खुश हूं। आप सभी ने इतने छोटे कार्यक्रम को इतना बड़ा बना कर दिखाया इससे आप सभी लोगों का मेरे प्रति प्यार झलकता है। इसके बाद रेस्टहाउस में आमजनों के साथ मिले जिसमें मुख्य रूप से पत्थलगांव के मुख्य समस्याओं को विधायक गोमती साय के सामने रौनियार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव, मुकेश अग्रवाल, दुर्गा नायक ने शहर के सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं जीवन उपयोगी मशीनों के साथ आईसीयू को बेहतर ढंग से शुरु करने व पत्थलगांव शहर को रिंग रोड रायगढ़ रोड से अम्बिकापुर,रायगढ़ से जशपुर एवं अम्बिकापुर से जशपुर रोड का काम शुरू कराने की बात रखी। साथ ही पत्थलगांव को पीने का पानी की समस्या से निजात दिलाने व क्षेत्र वासियों की बहु प्रतिक्षित मांग बांध बनाने की रही है जिससे पत्थलगांव क्षेत्र वासियों को कम दूरी में पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा वर्तमान में पत्थलगांव में बोर खनन करने समय 1000 से 1200, फिट तक मे भी पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है कारण है कि पत्थलगांव क्षेत्र में पानी का ठहराव के लिए कोई बांध या अन्य उपाय नही है। एक मात्र छोटा सा नाला जहां से पानी बहता है। डुंडुंग जोर नाला जहां अगर बांध बनाया जाता है। तो क्षेत्र वासियों को कम दूरी में ही पाइन का पानी उपलब्ध हो सकेगास राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई जहां कुल 116 किसानों को धान बोनस दिया गया मौजूद किसान काफी खुश दिखे धान बोनस कार्यक्रम में विधायक गोमती साय ने किसानों को बोनस का प्रमाण पत्र देकर कहा कि ये बोनस आप लोगो के लिए है। जिसे हमारी भारतीय जनता पार्टी की छतीसगढ़ सरकार ने दिया है। ने सभी से कहा कि ये भाजपा की सरकार आपकी की अपनी सरकार है। हम आप सभी के सभी हितों का ध्यान रख कर कार्य करेंगे पहली प्राथमिकता आप सभी के क्षेत्र की समस्याओं को जल्द दूर करने का होगा जो आने वाले दिनों में आप देखेंगे इस पूरे कार्यक्रम में भाजपा के महामंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव , भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल मित्तल, ग्रामीण मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाँटीयां, नगरपंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता, भाजपा युवामोर्चा के शोर्य प्रताप सिंह जूदेव वार्ड नम्बर 10 के पार्षद अजय अग्रवाल, मण्डल महामंत्री अंकित बंशल, मण्डल भाजपा जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव,लुड़ेग तमता मण्डल महामंत्री जगदीश यादव, मण्डल महामंत्री सुरेश यादव, जिला सदस्य युवामोर्चा, रविशंकर यादव तमता के उप सरपंच विशाल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रामचरण ⏭ शेष पेज 4 पर



## 1997 किसानों को दो वर्षों का बोनस मिला चार करोड़ सत्तासी लाख रुपये

**फरसाबहार।** जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तपकरा में पंजीकृत किसानों को अटल सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी वादे के अनुसार दो वर्षों का धान बोनस दे रही है। फरसाबहार विकासखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रोहित साय के कर कमलों से वर्ष 2014-15 में पंजीकृत 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख रुपये एवं 2015-16 में पंजीकृत 999 किसानों को 2 करोड़ सड़सठ लाख रुपये, इस प्रकार दो वर्षों का 1997 किसानों को 4 करोड़ 87 लाख रुपये का बोनस राशि का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

- बकाया बोनस राशि मिलने से किसान उत्साहित

मुख्य अतिथि रोहित साय ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। उनके प्रधानमंत्री बनते ही भारत के गांवों तक पक्की सड़कें पहुंची। उनके योगदानों को सम्मान देने के लिए हम सुशासन दिवस मनाते हैं।अटल जी जब प्रधानमंत्री बने तक तब किसानों को क्रेडिट कार्ड मिलना शुरू हुआ। विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही कैबिनेट में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। और अब 18 लाख गरीब परिवार को अपना आवास मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सुशासन दिवस पर किसानों को बोनस दिया गया।

धान बोनस वितरण समारोह में उपस्थित किसानों को भजन साय, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष वेदप्रकाश भगत, तपकरा भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिलेश्वर सिंह एवं तेजस्वरी सिंह ने संबोधित करते हुए। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। जिन्होंने हमे हमारा राज्य दिया, हमारी पहचान दी। छत्तीसगढ़ राज्य हमारे भारतीय जनता पार्टी ने बनाया है और अब हम ही इसे संवारेंगे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय साय पैंकरा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शकुंतला पांडेय, नटवर मूंदड़ा, संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, बद्रीनाथ आपट, हरिशंकर यादव, गणेश यादव, लक्ष्मी नारायण पटेल, यदुवार गुप्ता, राधिका पैंकरा, श्रीमती पैंकरा, एस डी एम प्रदीप राठिया, सीआई जनपद पंचायत धनेश टेंगवार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।




## 28 दिसंबर को सीएम के प्रथम जिला प्रवास को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा

# विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से जशपुरवासियों का सच हुआ सपना : राय

**जशपुरनगर।** पांच साल के कांग्रेस के कुशासन के विरूद्व संघर्ष के बाद जिले की तीनों विधानसभा सीटों में जो भाजपा को जीत मिली है, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत और जिलेवासियों के विश्वास की जीत है। प्रदेश में सरकार बनने के बाद, कार्यकर्ताओं का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बातें जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय ने कही। वे, जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

बैठक का आयोजन सोमवार को आयोजित होने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस और 28 दिसंबर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रथम जिला प्रवास पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श करने के लिए आहूत की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी अटल चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मंडल और बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन प्रभारियों को सुनिश्चित करना है। 26 दिसंबर को सिक्ख धर्म के 10 वें गुरू, गुरू गोविंद सिंह के वीर बलिदानी पुत्रों की वीर गाथा का स्मरण करने और आम लोगों को वीरगाथा की जानकारी को आम लोगों को अवगत कराने के लिए वीर बाल बलिदान दिवस का आयोजन किया जाना है। इस दिन, इन वीर बाल बलिदानियों का चित्र लगा कर, सभा का आयोजन करना है। उन्होनें 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जिले की पहली यात्रा को ऐतेहासिक बनाने के लिए, कार्यकर्ताओं को बूथ से लेकर जिला स्तर तक काम करने की अपील की। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि जशपुर के माटीपुत्र विष्णुदेव साय का मुख्यमंत्री पद पर पहुंचना, दिलीप सिंह जूदेव का सपना पूरा होना है। उन्होनें कहा कि विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद,मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होने पर सभी जिलेवासियों की निगाहें टिकी हुई थी। हम सबकों शुरू से विश्वास था कि विष्णुदेव साय ही मुख्यमंत्री बनेगें, जो अंततः सच साबित हुआ।



विधायकों को सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता।

उन्होनें जशपुर विधानसभा सीट पर मिली जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि अपने ही लोगों के द्वारा सताए जाने के कारण, जशपुर में पार्टी को अधिक संघर्ष करना पड़ा। ऐसे लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं है। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि जशपुर विधानसभा सीट में जो जीत मिली है, वह पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होनें कहा कि पार्टी मां के समान होती है और मां के साथ छल कपट नहीं किया जाता, उनका सम्मान किया जाता है। पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने कहा कि उन्हें पत्थलगांव से चुनाव लड़ाने की तैयारी, चुनाव की घोषणा से दो माह पहले से चल रही थी। लेकिन, वो इसके लिए तैयार नहीं थी। लेकिन, जब पार्टी के हाईकमान का आदेश आया तो, अनुशासित कार्यकर्ता की तरह, उन्होनें पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत पर विश्वास करते हुए, पत्थलगांव से चुनाव लड़ने की चुनौती को स्वीकार किया।

गोमती साय ने कहा कि विष्णुदेव साय का मुख्यमंत्री बनना, पूरे जशपुरवासियों के लिए सम्मान की बात है। आज आप पूरे प्रदेश में कहीं भी चले जाईये, जशपुर का नाम सुनते ही, लोग आपकों सम्मान के नजर से देखने लगते हैं। इस सम्मान को बनाए रखने के लिए हमें आगे भी काम करना है। लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए, उन्होनें कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली जीत, सेमी फाइनल जीतने के समान है। लोकसभा चुनाव का फाइनल जीतना अभी बचा है। इसलिए, सारे कार्यकर्ता, संघर्ष के लिए तैयार रहे।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि सहेली
मंगलवार
26 दिसंबर 2023
2
वर्षांत-नववर्ष विशेषांक
2023 / 2024

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम



भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं



बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*

## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जाने लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। ❁



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। ❁



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।




सलाह / मनीषा

# विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।



**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद-कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।

**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। ❁



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

यह सही है कि महिलाओं को घर से लेकर बाहर तक तमाम स्तर पर विरोध और संघर्ष का सामना करना पड़ता है। उनके खिलाफ होने वाले अपराधों का ग्राफ साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन इन सबके बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल


निर्मला सीतारमण


लीना नायर


निगार शाजी


नेहा नर्खेड़े

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महिलाओं के खिलाफ अधिकतर अपराध उनके पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता (31.4 प्रतिशत) के थे और इसके बाद महिलाओं के अपहरण (19.2 प्रतिशत), उनकी इज्जत खंडित करने के इरादे से हमला (18.7 प्रतिशत) और बलात्कार (7.1 प्रतिशत) से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त 13,479 मामले दहेज निरोधी कानून के तहत पंजीकृत किए गए। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का प्रतिशत इससे भी कहीं अधिक हो सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में महिलाएं खुद पर हुए जुल्म को रिपोर्ट ही नहीं करती हैं, समाज के दबाव में खामोशी से बर्दाश्त करती रहती हैं। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी स्पोर्ट्स, बिजनेस, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, एडमिनिस्ट्रेशन, इकोनॉमिक्स समेत कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है। इसे बीबीसी की इंस्पिरेशनल वूमेंस लिस्ट प्रूफ करती है। बीबीसी ने नवंबर 2023 में दुनिया भर की 100 प्रभावी और प्रेरणादायक महिलाओं की जो सूची जारी की, उसमें भारत की तीन महिलाओं को शामिल किया। एक्टर दीया मिर्जा को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्य के लिए, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को उनके प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए और नेशनल जियोग्राफिक की फोटोग्राफर आरती कुमार राव को उनके साहस और शानदार फोटोग्राफी के लिए।


अन्नू रानी


हरमनप्रीत कौर

## स्पोर्ट्स फील्ड

मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स (23 सितंबर से 8 अक्टूबर 2023) में पारुल (5 हजार मीटर में स्वर्ण, 3 हजार मीटर स्टीपल चेज में रजत पदक) और अन्नू रानी (जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक) ने पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि इस साल हुए एशियन गेम्स में भारत ने जो रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए उनमें से 54 पदक ऐसे हैं, जिन्हें महिलाओं ने व्यक्तिगत तौर पर, महिला टीम स्पर्धाओं में या मिश्रित टीम मुकाबलों में हासिल किए।


पायल जैन

## साइंस-टेक्नोलॉजी

इस साल भारत ने सफलतापूर्वक अपना महत्वाकांक्षी आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इसमें सबसे खुशी की बात यह रही कि इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला 59-वर्षीय निगार शाजी थीं, जो कि रिसोर्स सैट-2ए (इंडियन रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट फॉर नेशनल रिसोर्स मॉनिटरिंग एंड मैनेजमेंट) की एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी रह चुकी हैं।

## बिजनेस

बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल की गईं। कांफ्लुएंट, स्ट्रीमिंग डाटा टेक्नोलॉजी कंपनी की सह-संस्थापक नेहा की अनुमानित संपत्ति 4,700 करोड़ रुपए है।


नीति गोयल


नीता अंबानी

## सोशल वर्क

महिलाएं अपने सामाजिक सरोकारों और दायित्वों को भी समझती हैं। इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा था और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे। इसी तरह प्रोफेसर डॉ. पारिन सोमानी अपने प्रभावी सामाजिक सुधार कार्यक्रमों और सामुदायिक कार्यों के लिए प्रेरणा की मशाल हैं। वह लंदन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल्स डेवलपमेंट की निदेशक हैं। उन्हें 'वर्ल्ड 2023' के सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले 23 व्यक्तियों की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने जो अपने कार्य से ग्लोबल समुदाय पर अमिट छाप छोड़ी है, उसका जश्न 3 दिसंबर 2023 को इंग्लैंड के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में मनाया गया था।

## सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड

एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देख जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं।

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस

वूमेन अचीवर्स-2023

माहिया

यह सही है कि टैलेंट गॉड गिफ्टेड होता है, लेकिन इसे निखारने के लिए सही माहौल और परिश्रम की भी जरूरत होती है। ऐसी ही कुछ यंग वूमेन पर्सनालिटीज के बारे में बता रहे हैं, जो अपने परफॉर्मेंस की वजह से इस वर्ष सुर्खियों में रहीं।



# लाइमलाइट में रहीं ये यंग वूमेन पर्सनालिटीज

उपलब्धियां और सफलता हासिल करने वालों की कोई निश्चित आयु सीमा नहीं होती, उनके पास केवल अपने लक्ष्य को हासिल करने का हौसला होता है। बीत रहे साल 2023 में ऐसी कई यंग वूमेन अचीवर्स अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और उपलब्धियों के माध्यम से सुर्खियों में बनी रहीं। चूंकि ये यंग वूमेन अलग-अलग क्षेत्रों से संबंधित हैं, इसलिए इन्हें रैंकिंग देना सही नहीं होगा। बेहतर यही है कि बिना किसी क्रम के इनका जिक्र किया जाए और संक्षेप में इनके बारे में जाना जाए।

### अनुष्का सेन, एक्ट्रेस



**बतौर बाल** कलाकार एक्टिंग करियर में कदम रखने वालीं अनुष्का सेन में यह प्रतिभा भी है कि वे सबको हंसाना जानती हैं। इसीलिए फिल्म 'क्रेजी कुक्कड़ फैमिली' के अलावा अनेक कॉमेडी शोज का हिस्सा भी बन चुकी हैं। वे सीरियल 'बालवीर' में मेहर की भूमिका निभाने के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा वे अन्य धारावाहिकों जैसे 'देवों के देव...महादेव', 'हार-जीत', 'अमृत मंथन', 'यहां मैं घर-घर खेली' में अपना एक्टिंग टैलेंट दिखा चुकी हैं।

### मैथिली ठाकुर, सिंगर



**मैथिली ठाकुर** क्लासिकल प्लेबैक सिंगर हैं, जो राइजिंग स्टार टीवी रियलिटी शो में पहली रनर-अप रही थीं। केवल ग्यारह वर्ष की उम्र में सिंगिंग फील्ड में कदम रखने वाली मैथिली कई रियालिटी शो में हिस्सा लेने के अलावा अपना म्यूजिक एल्बम 'या रब्बा' भी लांच कर चुकी हैं। वह संगीत में नए-नए प्रयोग करने के लिए भी जानी जाती हैं। मैथिली और भोजपुरी भाषाओं के गायन में भी सिद्धहस्त मैथिली ठाकुर के सोशल मीडिया पर लाखों फालोवर्स हैं।

### मेलिटा टेसी, राइटर



**जब चेन्नै** (तमिलनाडु) की रहने वालीं मेलिटा टेसी की उम्र के बच्चे अपनी एकेडमिक पढ़ाई में व्यस्त थे, उसी दौरान वे किताब लिखने में लगी हुई थीं। अब बाइस वर्ष की हो चुकीं टेसी ने अपना पहला उपन्यास 'बैटल ऑफ द स्फीयर्स' केवल 13 साल की आयु में लिखना शुरू किया और 16 साल का होने पर उसे प्रकाशित भी करा दिया। एडवेंचर से भरी यह किताब, इंसान को हर कंडीशन में मजबूत बने रहने का संदेश देती है। उनकी कल्पना और लेखन शैली पाठकों को आकर्षित करती है।

### प्रियंका पॉल, आर्टिस्ट



**अपनी कला** के माध्यम से यंग आर्टिस्ट प्रियंका पॉल, महिलाओं से जुड़े पूर्वाग्रहों और बंधनों को तोड़ने का सफल प्रयास कर रही हैं। उनके बनाए चित्रों में महिला दब्बू, कमजोर और रोने वाली नहीं दिखती हैं बल्कि वास्तविक धरातल पर खड़ी आत्मविश्वास से भरी और हर मुसीबत का डट कर मुकाबला करने वाली दिखती हैं। यही वजह है कि अपने आर्टवर्क से वे सोशल मीडिया (स्पेशली इंस्टाग्राम) पर काफी पॉपुलर हैं।

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

सजेशन / ललिता गोयल



साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

**वेन्यू की हो जानकारी :** पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

**ड्रेसअप का रखें ख्याल :** पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।




**सभी से घुलें-मिलें :** पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।

**डाइट का रखें ख्याल :** न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

**रूल्स फॉलो करें :** नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें।

लघुकथा / शीला श्रीवास्तव

# नया जन्म



पापा नए साल में क्या प्रोग्राम है?' दिव्या ने अपने पापा से पूछा।

'अरे, अभी टाइम है न, नए साल को आने में।' दिवाकर हंसते हुए बोले।

परिवार की हंसी-खुशी देखकर सीमा की आंखें नम हो गईं। छह महीने पहले का वह दृश्य उसकी आंखों के सामने नाच गया। उसे जब ऑपरेशन थिएटर ले जाया जा रहा था, उस समय पति दिवाकर कोने में खड़े आंसू बहा रहे थे। सीमा ने जब सिस्टर से उन्हें बुलाने के लिए बोला तो वह लपक कर आए। अपने आंसू पोंछते हुए बोले, 'तुम बिल्कुल भी चिंता मत करना। तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

'पता है मुझे, आप रो क्यों रहे हैं? मैं इतना जल्दी आपका साथ नहीं छोड़ने वाली।' यह कहकर सीमा ने मुस्कुराने का असफल प्रयास किया था।

डर तो सीमा को भी लग रहा था। दूसरी बार कैंसर की गिरफ्त में जो आई थी। 'केस क्रिटिकल है।' डॉक्टर की बात सीमा ने सुन ली थी।

ऑपरेशन के सात घंटे बाद जब सीमा को होश आया तो ऐसा लगा, जैसे चमत्कार हो गया। परिवार वालों और नाते-रिश्तेदारों के चेहरे पर अप्रत्याशित खुशी देख वह अपनी सारी तकलीफ भूल गई। उसने सही सोचा कि परिवार का प्यार भरा साथ हो, भीतर आत्मशक्ति हो तो अपनी बड़ी से बड़ी पीड़ा को हराया जा सकता है, जीवन में नए सवेरे की किरणें बिखेरी जा सकती हैं।

तभी डॉक्टर साहब अपनी टीम के साथ विजिट के लिए आए, उन्होंने पूछा, 'कैसी हैं सीमा जी?'

'ठीक हूं।' सीमा धीमे स्वर में बोली।

'दो महीने बाद आपकी कीमोथेरेपी ट्रीटमेंट शुरू हो जाएगी। पिछले दफा कोविड की वजह से कीमो हम नहीं दे पाए थे। कीमोथेरेपी के बाद यह बीमारी आपको नहीं होगी। ऐसी उम्मीद हम कर सकते हैं।' डॉक्टर साहब बोले।

'उम्मीद कर सकते हैं, पक्का नहीं है?' सीमा मायूस होकर बोली।

'नाइंटी नाइन पर्सेंट पक्का।' यह कहकर डॉक्टर साहब मुस्करा दिए।

तभी बेटी दिव्या बाहर से हाथ में मिठाई का डिब्बा लेकर आई। मिठाई का डिब्बा देख डॉक्टर साहब चौंक पड़े। बेटी ने सबसे पहले डॉक्टर और उनकी टीम को मिठाई खिलाई।

'आज पहली बार देख रहा हूं कि कैंसर हॉस्पिटल में मिठाई बांटी जा रही है। देखा तो यही जाता है कि बच्चों के जन्म की खुशी में घर वाले मिठाई बांटते हैं।' डॉक्टर साहब हंसते हुए बोले।

'मेरी मम्मी का भी तो नया जन्म ही हुआ है सर!' दिव्या हंसते हुए बोली। माहौल और खुशनुमा हो गया था।

वाकई सीमा का नया जन्म ही हुआ था। अपने परिवार के अथक मेहनत-प्यार के साथ अपनी आत्मशक्ति के बल पर उसने कीमोथेरेपी जैसे जटिल प्रक्रिया से जीत हासिल की थी। बीत रहे साल के साथ उसकी असहयनीय पीड़ाएं विदा ले चुकी थीं। अब नववर्ष का उदय होता सूरज उसे नया जीवन देने के साथ नई खुशियां देने को तैयार था।






## खबर संक्षेप

### महिला सहित दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़।** मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 7 किलोग्राम गांजे के साथ महिला सहित 2 गांजा तस्करों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कोतवाली थाना प्रभारी को सूचना मिली कि एक महिला और पुरुष अवैध गांजा लेकर घरघोड़ा की ओर जाने के लिए बस पकड़ने सीएमओ तिराहा से पैदल उर्दना बैरियर की ओर आगे बढ़ रहे है। थाना प्रभारी द्वारा उर्दना बैरियर के पास नाकेबंदी की गई। पैदल आते महिला और पुरुष को रोक कर पूछताछ की गई और उनके पास रखे प्लास्टिक बैग की जांच की गई। दो प्लास्टिक बोरे को चेक किया गया, जिसमें एक बोरे में 4 किलो मादक पदार्थ गांजा तथा दूसरे प्लास्टिक बोरे में 2 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

### 25 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बागबाड़ी में 25 लीटर महुआ शराब जब्त करते हुए करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 5 हजार रूपए आंकी गई है। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भ्रमण दौरान थाना तमनार के पेट्रोलिंग टीम को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति प्लास्टिक थैला में महुआ शराब लेकर पैदल ग्राम बागबाडी से झरना की ओर जा रहा है। ऐसे में तकाल ग्राम बागबाड़ी में तमनार पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेही को प्लास्थिक थैले में एक-एक लीटर के प्लास्टिक पन्नी पाऊच में महुआ शराब लेकर जाते समय पकड़ा गया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**रायगढ़।** कापू पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के 7 घंटों के भीतर ही पत्थलगांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बीते करीब 4 वर्ष से पीड़िता से विवाह करने का प्रलोभन करते हुए अनाचार करता था। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विनोद सिदार वह 4 साल से जानती है। 2021 में वह नदी से नहा कर घर लौटते समय विनोद सिदार रास्ते में रोकर जंगल ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद विनोद सिदार शादी करने का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। विनोद के शादी को लेकर लेटलतीफी करने पर युवती ने शादी करने का दबाव बनाया। तब विनोद ने शादी करने से इनकार कर दिया।

### सफाई पर ध्यान नहीं शौचालयों में टूट फूट

**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन में साफ सफाई का ठेका बदलने के बाद सफाई व्यवस्था पर कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्लेटफार्म में डस्ट बिन में कचरा भरने के बाद उसे खाली नहीं किया जाता, वहीं शौचालयों में साफ सफाई नहीं के बराबर होती है, यहां कुछ अज्ञात लोगों ने तोड़फोड भी की है। किंतु इसकी मरम्मत को लेकर स्थानीय विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। काफी दिनों तक सफाईकर्मियों को सुरक्षा उपकरण ठेकेदार द्वारा मुहैया नहीं कराया गया, वहीं वर्तमान में साफ सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि पिछली बार बिलासपुर से पहुंची टीम ने साफ सफाई को लेकर विशेष तौर ध्यान देने के निर्देश दिए थे। किंतु वर्तमान में ऐसा होते नजर नहीं आ रहा है। प्लेट फार्म 1 में स्थित शौचालय में आयना सहित यूरीन कमोड में तोड़ फोड़ हुए करीब 20 दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इन्हें बदला नहीं गया है।और न ही इसकी मरम्मत की गई है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है मानों संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस ओर झांकने तक नहीं आते। इसके अलावा कुछ डस्टबिन को भी नियमित तौर पर खाली नहीं किया जाता है, ऐसे में इसमें कचरा भरा रहता है।

## जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को मिलेगा बढ़ावा

# मेडिकल कालेज में शुरू हुआ जिले का पहला पीएम जन औषधि केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से मिलने वाली सस्ती जेनेरिक दवाइयां इलाज के दौरान मरीजों को भारी भरकम खर्च से राहत दे रही हैं। केंद्र सरकार की इस योजना से रायगढ़ जिले वासियों को लाभान्वित करने जिले का पहला पीएम जन औषधि केंद्र रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज में खोला गया है। मेडिकल कॉलेज के परिसर में पीएम जन औषधि केंद्र का शुभारंभ बीते 22 दिसंबर से हुआ है। जहां से मरीज और आमजन काफी कम कीमतों में दवाइयां खरीद सकते हैं। यहां 1759 उच्च गुणवत्ता युक्त दवाईयां और 280 सर्जिकल आइटम्स 50 से 90 प्रतिशत की भारी छूट के साथ मरीजों को मिल रही हैं।



**1759 दवाइयां और 280 सर्जिकल आइटम्स मिलेंगे 50 से 90 प्रतिशत की छूट पर, इलाज के खर्च में आएगी कमी**

जन औषधि केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज ने बताया कि इस जन औषधि केंद्र से मरीजों को सस्ती कीमत में दवाएं मिलेंगी। जिससे यहां इलाज के लिए दूर दूर से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक जन औषधि केंद्र संचालित रहेगा। जिसे 24 घंटे संचालित करने की योजना है। गौरतलब है कि लोगों को अच्छी गुणवत्ता की दवाइयां कम कीमत में मुहैय्या कराने के उद्देश्य से पीएम जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इससे जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलने के साथ इलाज में होने वाले खर्च में कमी आ रही है।

### पीएम फसल बीमा के लिए आवेदन 31 तक

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के रबी फसल और उद्यानिकी फसलों के लिए पीएम फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं रोगों के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के नष्ट होने पर कृषकों को वित्तीय सहायता दी जाती है जिससे प्राकृतिक आपदा के वर्षो में कृषि आय को स्थिर रख सकें।कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन और कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में किसान गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित के अतिरिक्त सरसों तथा अलसी का बीमा करा सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ, जलप्लावन, कीट व्याधि, ओला वृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है।



# संकल्प यात्रा में 11 हजार से अधिक का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं डिजीटल स्क्रीन के माध्यम से गांव गांव पहुंच रही है। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगने वाले विभागीय कैंप के माध्यम से लोग केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये जाने वाले स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से अब तक 11 हजार 50 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जा चुका है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले में अब तक कुल 58 कैम्प लगाए गए है। जिनमें सिकल सेल जांच की संख्या 3858 है। इसी तरह 3334 लोगों का उच्च रक्तचाप एवं शुगर जांच, 3858 लोगों का टीबी जांच किया गया एवं 2321 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन से लाभान्वित किया है।

# छह दिन में लेटफीस के साथ विवरणी नहीं की फाइल, तो नहीं मिलेगा रिफंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन आयकरदाताओं ने वर्ष 22.23 की आयकर विवरणी अभी तक नहीं भरी है। वे सावधान हो जाएं। वे अपनी विवरणी लेटफीस के साथ 6 दिन में फाइल कर दें। अगर आपने 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न फाइल नहीं किया तो आपको रिफंड नहीं मिलेगा। इसके साथ ही जिन लोगों ने रिटर्न फाइल कर दिया है। लेकिन वे उसमें सुधार करना चाहते तो रिवाइज रिटर्न की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

31 दिसंबर तक लेटफीस के साथ आयकर विवरणी फाइल करने वालों में ऑडिट वाले, नॉन ऑडिट वाले, कंपनियां, व्यक्ति, संस्था, पार्टनरशिप फर्म शामिल हैं। दरअसल पूर्व के वर्षों में लेटफीस के साथ आयकर विवरणी 31 मार्च तक दाखिल होती थी। इसमें आयकर विभाग ने बदलाव कर लेटफीस के साथ 31 दिसंबर कर दी है।

### इस तरह लग रही लेट फीस

जिन करदाताओं की सालाना आमदनी 5 लाख रुपए है उन्हें एक हजार रुपए व जिनकी सालाना आय 5 लाख से अधिक है। उन्हें पांच हजार रुपए लेटफीस के साथ विवरणी फाइल करना होगा। रिटर्न रिवाइज भी 31 तक कर सलाहकार राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 22.23 में जिन लोगों ने रिटर्न फाइल कर दिए हैं। उसमें कुछ त्रुटि रह गई है तो वे 31 दिसंबर तक रिटर्न रिवाज कर सकते हैं।




### ये होगी परेशानी

- जो करदाता पेनाल्टी के साथ विवरणी तय समय सीमा में फाइल नहीं करते है तो उन्हें टीडीएस रिफंड नहीं मिलेगा।
- रिटर्न रिवाइज त्रुटि सुधार नहीं कर पाएंगे।
- देय कर का 25 प्रतिशत अतिरिक्त देना पड़ेगा।

### समय रहते जमा कर दें विवरणी

पेनाल्टी के साथ वर्ष 22-23 की आयकर विवरणी फाइल करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। जिन लोगों ने अपनी आयकर विवरणी दाखिल नहीं की है वे अंतिम दिनों का इंतजार नहीं करें। समय पर विवरणी जमा करा कर होने वाली परेशानी से बचे।


- **आरके अग्रवाल,** आयकर अधिवक्ता

## कोविड की आशंका के चलते मास्क की बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोविड की आशंका चलते लोगों ने सावधानी बरतनी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक जिले में कोविड का एक भी मामला सामने नहीं आया है। फिर भी बचाव ही उपाय के सिद्धांत को मानते हुए लोग सतर्क हो गए हैं। इसे देखते हुए दवाइयों की दुकानों पर मास्क की बिक्री भी बढ़ गई है।

साथ ही जिला अस्पताल के कई विभागों में मास्क के बिना प्रवेश भी रोक दिया गया है। दो साल पहले कोविड के गति के साथ फैलने के दौरान मास्क तथा सेनेटाइजर की बिक्री परवान चढ़ गई थी। जैसे.जैसे कोविड कमजोर होता गया। वैसे वैसे मास्क की बिक्री भी कमजोर होती गई और गत डेढ़ साल से लोगों ने इसकी खरीद बंद कर दी थी। अब वापस प्रदेश के जिलों में कोविड के नए वैरिएंट के आने के बाद रायगढ में भी सतर्कता बरतनी प्रारंभ कर दी है। गत दिनों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी नए वैरिएंट को देखते हुए गाइड लाइन भी जारी कर दी है।



### अब आने लगे मास्क के ऑर्डर

कोविड की आशंका के चलते अब दवा दुकानदारों ने मास्क के ऑर्डर देने प्रारंभ कर दिए हैं। होलसेल व्यापारी सुरेश गुप्ता ने बताया कि पूर्व में एक दिन में डेढ़ सौ से दो सौ मास्क बिकते थे। अब प्रतिदिन पांच सौ मास्क की बिक्री हो रही है। इसके अलावा खुदरा व्यापारी भी मास्क के ऑर्डर दे रहे हैं। हालांकि सेनेटाइजर की डिमांड अभी तक शुरू नहीं हुई है। फिर भी कंपनियों को ऑर्डर दिए जा रहे हैं ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। वहीं खुदरा व्यापारी बाबुलाल गहलोत ने बताया कि तीन दिनों से वापस लोग मास्क लेने के लिए आने लगे हैं। इसलिए होलसेल व्यापारियों को ऑर्डर दिए जा रहे हैं।

# चालक को धमका कर 970 लीटर डीजल सहित 1 लाख रुपए की लूट

**रायगढ़।** शुक्रवार रात कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत वृंदावन कॉलोनी के पास स्कूटी सवार 4 अज्ञात नकाबपोश युवकों के द्वारा फिल्मी अंदाज में बोलेरो कैम्पर वाहन चालक व हैल्फर को बंधक बनाते हुए 970 लीटर डीजल व मोबाइल की लूट की वारदात को अंजाम दिगया गया।

इस संबंध में वाहन क्रमांक सीजी 13 एबी 1910 के चालक चंद्रशेखर बी आर पिता शिवप्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी डोंगाढकेल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 22 दिसंबर की रात करीब 10 बजे वह अपने हैल्फर तापस मुडा के साथ घड़ी चौक स्थित आदिवासी पेट्रोल पंप डीजल लाने के लिए गया हुआ था। वाहन में रखे 4 प्लास्टिक के ड्रम में करीब 970 लीटर लेकर वह डोंगाढकेल जाने के लिए निकले थे। इसी बीच वृंदावन कॉलोनी के समीप चार युवक स्कूटी पर सवार होकर आए और वाहन क्रमांक सीजी 13 एबी 1910 को रूकवाया और उन दोनों का मोबाइल छिन कर रख लिया। जिसके बादे उन्होंने हैल्फर व उसे अपनी स्कूटी में बैठाया और स्कूटी सवार दो युवक कैंपर वाहन लेकर स्कूटी के पीछे पीछे आते रहे। जिसके बाद हाईवे में स्थित कलकता ढाबा के समीप बायीं ओर गए, जहां उन्होंने कैंपर वाहन से डीजल से भरे चारो ड्रमों को उतारा और वाहन लेकर चले जाने का कहा। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की भी धमकी दी। जिसके बाद वे दोनों वाहन लेकर वहां से निकल आए । तत्पश्चात उन्होंने थाने आकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई।



**कोतरा रोड थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन कॉलोनी के पास हुई वारदात**

### संदिग्धों के संबंध में अभी सूचना नहीं


नकाबपोश युवकों द्वारा इस वारदात को अंजाम देने की शिकायत मिली। अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 392 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। संदिग्धों के संबंध में अभी कोई सूचना नहीं मिली है।

- विजय चेलक
थाना प्रभारी, कोतरा रोड

# 1640 पात्र महिला हितग्राहियों को मिला उज्जवला योजना का लाभ

**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 1600 से अधिक महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ मिल चुका है। जिससे आज ग्रामीण महिलाएं काफी खुश नजर आ रही है। इस कार्यक्रम के दौरान राजपुर निवासी श्रीमती रूकमणी साहू ने बताया कि पहले चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी की आवश्यकता होती थीए जिससे उठने वाले धुएं से परेशानी होती थी। वहीं खाना बनाने में अधिक समय लगने से अन्य कार्य प्रभावित होता था। लेकिन पीएम उज्जवला योजना से वे सभी परेशानी दूर हुईए समय का बचत हो रही है और खाना बनाना आसान हो गया है विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विकासखण्ड लैलूंगा के 356 महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना का लाभ मिला है। इसी प्रकार खरसिया में 171, तमनार में 198ए रायगढ़ में 256, धरमजयगढ़ मे 303, पुसौर मे 51 एवं घरघोड़ा में 305 सहित कुल 1640 पात्र महिला हितग्राहियों को पीएम उज्जवला योजना से लाभान्वित किया गया है।

# खनिज छापामार कार्रवाई: 2 हाइवा, 3 ट्रेक्टर जब्त



**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कानून अनुसार कार्यवाही के निर्देश पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ विकासखंड में खनिज छापामार कार्यवाही की गई है।

खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खनिज विभाग के सयुक्त दल द्वारा ग्राम टिमरलगा, गुडेली सरिया, सरसीवा तथा भटगाव क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। भटगाव क्षेत्र में अवैध खनिज पत्थर परिवहन में शामिल 02 ट्रैक्टर एवं 2 हाइवा एवं खनिज रेत के अवैध परिवहन करते 1 ट्रैक्टर को पाए जाने पर स्थल पर ही 05 वाहनो को जप्त किया गया। आगामी कार्यवाही तक वाहनों को थाना प्रभारी भटगाव और सरसीवा के सुपुर्दगी में दिया गया। अवैध भंडारण कर संचालनकर्ता द्वारा ग्राम लाला धुरवा में अवैध भंडारण क्रॅशर अनिल केडिया में कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी।

### सारंगढ़ में दो कट्टा अवैध धान जब्त, मंडी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के खिलाफ लगातार मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में 6 दिसंबर से 23 दिसंबर के मध्य खाद्य विभाग और मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा धान जप्ती की कार्यवाही की गई। संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ के दानसरा में सतीश कुमार अग्रवाल से 28 बोरी माधोपाली के बजरंग अग्रवाल से 34 बोरी, भौंरादादर के दिलीप कुमार से 33 बोरी, मल्दा घनश्याम साहू से 50 बोरी एवं उलखर के बलराम चंद्रा से 55 बोरी अवैध धान जप्त किया गया। इस तरह कुल 200 बोरी धान जब्त कर कृषि उपज मंडी सारंगढ़ में सुपुर्द किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### किसानों को धान ...

करोड़ 18 लाख, कुनकुरी के 657 किसानों को 1 करोड़ 50 लाख, फरसाबहार के 998 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख, कांसाबेल के 984 किसानों को एक करोड़ 78 लाख और पत्थलगांव के 3469 किसानों को 7 करोड़ 14 लाख की राशि भुगतान किया गया इसी प्रकार वर्ष 2015 16 में जशपुर विकासखंड के 150 किसानों को 42 लाख, दुलदुला विकासखंड के 413 किसानों को 73 लाख, मनोरा के 262 किसानों को 44 लाख, बगीचा के 1231 किसानों 2 करोड़ 65 लाख, कुनकुरी के 628 किस को एक करोड़ 64 लाख फरसाबहार के 999 किसानों को 2 करोड़ 67 लाख, कांसाबेल के 955 किसानों को एक करोड़ 91 लाख और पत्थलगांव के 3541 किसानों को 8 करोड़ 29 लाख राशि का भुगतान किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद किया और किसानों के खाते में ऑनलाइन जिले में किसानों को धान बकाया बोनस राशि हस्तांतरित किया।

### बकाया बोनस का ...

नई उंचाई को छुएगी। डीडीसी सालिक साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने जिस सपने को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी,उसे पूरा भी भाजपा ही करेगी। प्रदेश के सभी वर्गो का ख्याल सरकार रख रही है। जशपुर के माटीपुत्र विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से,जशपुरवासियों का सपना पूरा हुआ है, साथ ही भाजपा ने आदिवासी समाज का मान भी बढ़ाया है। उन्होनें कहा कि दो साल का बकाया बोनस का भुगतान कर,भाजपा ने मोदी गारंटी को सच साबित कर दिया है। आगे भी मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम सरकार करती रहेगी। कांसाबेल ब्लाक में सोमवार को 3 करोड़ 69 लाख रूपये बकाया धान बोनस का वितरण किया गया। सरकारी आंकड़े के अनुसार 2014-15 में 984 किसानों का 1 करोड़ 78 लाख और 2015-16 955 किसानों का 1 करोड़ 91 लाख रूपये का बोनस का वितरण किया गया है।

### सुशासन दिवस पर...

में 10 से अधिक सदस्य है। जशपुर के किसान शिशिर परमार ने बताया कि उन्हें कुल 72 हजार रुपए की बोनस राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी बहुत-बहुत धन्यवाद आभार प्रकट किया है। इसी तरह धान बोनस की राशि जारी होने पर जिले भर के किसानों ने छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया हैं। किसान श्री अनारथ साय और श्री उगन साय ने भी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव किसान हित में कार्य किया है व किसानों के दर्द को करीब से समझा है। मुख्यमंत्री श्री साय सदा ही किसानों के हित की बात की है। जशपुर के किसान काशमीर कुजूर, निकोलस ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत आज धान का बकाया बोनस की राशि एकमुश्त देख कर सभी किसानों को बड़ा तोहफा दिया है, सभी किसान बहुत उत्साहित है। सरकार की किसान हितों वाली फैसला से हम खुश है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी के लिए भी सरकार और मुख्यमंत्री का बहुत-बहुत आभार धन्यवाद। इसके साथ ही जिले के किसान बानेश्वर साव, रामकिशुन, रामसेवक राम सहित अन्य किसानों ने भी छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया है।

### सुशासन के लिए ...

अग्रवाल, विकास शर्मा, सौरभ शर्मा, राहुल अग्रवाल, एवं एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार सुनील अग्रवाल, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ पवन पटेल नगरपंचायत सीएमओ प्रभाकर शुक्ला, पत्थलगांव टीसीएस के प्रबंधक बिमलेश अम्बष्ठ , किलकिला टीसीएस के प्रभारी प्रबंधक चंद्रभान, तमता टीसीएस के प्रभारी प्रबंधक हजारी लाल घरजियाबथान टीसीएस के प्रभारी भूषण बंजारा व केरा कछार टीसीएस के प्रभारी प्रबंधक रोहित यादव एवं ओएक्स बैंक के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।

राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12, 500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7247-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।